आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार — 16 वें वर्ष में प्रवेश

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 65 ● कटनी ● शुक्रवार, 8 अप्रेल, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र मास शुक्ल पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

# व्हिसल ब्लोअर आनंद गिरफ्तार

## TET की CBI से जांच कराने की थी मांग, CM के OSD ने दर्ज कराया था केस, दोपहर में कोर्ट में पेश करेगी पुलिस

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच भोपाल ने व्हिसल ब्लोअर डाक्टर आनंद राय को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उन्हें दिल्ली से भोपाल लेकर आ रही है। शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे पुलिस उन्हें भोपाल लेकर पहुंचेगी। इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने राय को निलंबित कर दिया है। निलंबन की वजह निरीक्षण के दौरान उनकी अस्पताल में अनुपस्थिति बताई गई है। जानकारी के मुताबिक, सोशल मीडिया पर पीईबी के कथित तौर पर पेपर लीक मामले को लेकर मुख्यमंत्री के उप सचिव लक्ष्मण सिंह मरकाम ने 27 मार्च को कांग्रेस के मीडिया प्रभारी केके मिश्रा व आनंद राय पर अजाक थाने में मामला दर्ज कराया था। मिश्रा व राय पर एट्रोसिटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई की गई थी। बाद में मामले को क्राइम ब्रांच में शिफ्ट कर मदिया गया था। क्राइम ब्रांच गुरुवार को डॉ आनंद राय को दिल्ली के होटल से गिरफ्तार किया। शुक्रवार को टीम उन्हें भोपाल की कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस को उन्हें हिरासत में लेने के 24 घंटे के अंदर कोर्ट में पेश करना होगा।



पुलिस के मुताबिक लक्ष्मणसिंह मरकाम पिता राजेंद्र सिंह मरकाम, डी-3/17 फुटबॉल ग्राउंड के पास चार इमली में रहते हैं। वह इंडियन नेवल अरमामेंट सर्विस के शासकीय कर्मचारी हैं। वे वर्तमान में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यालय में उप-सचिव के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने पुलिस को बताया था कि मैने अपना कार्य पूरी ईमानदारी व निष्ठा से किया। मेरी छवि एक ईमानदार व कर्मठ अधिकारी की है। उन्होंने बताया था कि आनंद राय द्वारा सार्वजनिक रूप से पिछले कई महीनों से मेरी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से फेसबुक तथा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर गलत एवं भ्रमित करने के उद्देश्य से पोस्ट जारी की जा रही है। मेरे संज्ञान में यह 17 अगस्त 2021 को सोशल मीडिया फेसबुक द्वारा आया। इसके बाद गत दिवस 26 मार्च को फिर मेरे खिलाफ आनंद राय द्वारा फिर इस प्रकार की चेष्टा की गई। 26 मार्च को आनंद राय ने फेसबुक पर एक पोस्ट अपलोड किया। जिसमें आनंद राय द्वारा एक स्क्रीन शॉट अपलोड किया गया है। जिसमें यह परिलक्षित होता है कि लक्ष्मण सिंह नाम के व्यक्ति से मोबाइल पर कुछ फोटो प्राप्त हुई। उक्त फोटो के साथ आनंद राय ने लिखा है कि वर्ग 3 का पेपर, लक्ष्मण मरकाम के मोबाइल तक कैसे पहुंचा।

### सीनियर एडवोकेट तन्खा ने ट्वीट कर दर्ज कराई आपत्ति

डॉ. आंनद राय की गिरफ्तारी को राज्यसभा सांसद व सीनियर एडवोकेट विवेक तन्खा ट्वीट कर आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने लिखा कि- आश्चर्य जनक आनंद के अनुसार मप्र पुलिस दिल्ली के होटल से उसे बिना किसी वारंट के अरेस्ट कर रही है। मुझे कपिल सिब्बल जी का भी फोन आया। ऐसा प्रोसेस पूर्णतः गैरकानूनी प्रतीत होता है। क़ानूनी तौर से दिल्ली पुलिस को अपने ज्यूरिडिक्सशन में अरेस्टिंग के लिए बिना वारंट अनुमति नहीं देनी चाहिए। इसके साथ उन्होंने लिखा- मप्र पुलिस और शासन का दिवालियापन दर्शाता है। आनंद राय सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करने दिल्ली में था। मेरे मत में ग़लत केस दर्ज किया है। उस ट्वीट में ऐसा कुछ नहीं लिखा था जो DGP_MP की पुलिस उसे अरेस्ट करे। एक अन्य ट्वीट में लिखा- अहंकार की सीमा पार कर शिवराज सिंह चौहान की सरकार अथवा मप्र ष्ठत्रक्कने आनंद राय को दिल्ली के होटल से अरेस्ट किया। आनंद को मप्र पुलिस का नोटिस 8 अप्रैल को उपस्थित होने का था। कारण रात 10.30 बजे आनंद सर्वोच्च सर्वोच्च न्यायालय में याचिका फाइल कर आज सुरक्षा मांगता।

## शिवसेना नेता यशवंत जाधव के खिलाफ IT का एक्शन

# 5 करोड़ के फ्लैट समेत 41 संपत्तियां जब्त

**मुंबई।** आयकर विभाग ने शिवसेना नेता और बीएमसी की स्थायी समिति के अध्यक्ष यशवंत जाधव की करीब 41 संपत्तियां कुर्क की हैं। जो संपत्तियां जब्त की गई हैं, उनमें बांद्रा में 5 करोड़ रुपये का एक प्लॉट भी शामिल है। इसके अलावा भायखला में 31 फ्लैट और बांद्रा में 5 करोड़ के दो फ्लैट शामिल हैं। जाधव पर यह कार्रवाई टैक्स चोरी को लेकर की गई है। आयकर विभाग की यह पिछले एक साल में सबसे बड़ी कार्रवाई है।अधिकारियों को जाधव के बीएमसी की स्थायी समिति के अध्यक्ष होने के दौरान सभी संपत्तियों के अधिग्रहण का संदेह है। विभाग के सूत्रों ने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियां यशवंत जाधव, उनके परिवार के सदस्यों और करीबी सहयोगियों के नाम पर पंजीकृत हैं। एक होटल का नाम शिवसेना विधायक और जाधव की पत्नी यामिनी जाधव की मां सुनंदा मोहिते के नाम पर रखा गया है। विभाग ने शिवसेना नेता विलास मोहिते और विनीत जाधव के करीबी सहयोगियों को अपना बयान दर्ज कराने के लिए तलब किया था।



# फिर बढ़ रहा कोरोना

नई दिल्ली। ओमिक्रॉन की लहर से बाहर आने के बाद पहली बार दिल्ली संक्रमण की एक नई लहर की ओर बढ़ रही है। बीते सात दिन में पहली बार सबसे अधिक लोग एक दिन में कोरोना संक्रमित मिले हैं। साथ ही दैनिक संक्रमण दर 1.60 फीसदी पार हुई। बीते एक अप्रैल की तुलना करें तो दैनिक संक्रमण दर में तीन गुना से अधिक का इजाफा दर्ज किया गया है। एक अप्रैल को यह दर 0.50 फीसदी पाई गई।गुरुवार को दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी है कि बीते एक दिन में कोरोना के 176 नए मामले सामने आए। वहीं 118 मरीजों को छुट्टी दी गई। बीते एक दिन में 10453 नमूनों की जांच की गई थी जिसमें 1.68 फीसदी नमूने संक्रमित पाए गए।कोरोना की शुरुआत से अब तक राजधानी में कुल 18,65,796 लोग संक्रमित हो गए हैं। इनमें से 18,39,090 मरीज ठीक हो गए। जबकि कुल 26,155 मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार दिल्ली में कोरोना से मृत्युदर 1.4 फीसदी है। वहीं कोरोना के सक्रिय केस बढ़कर 551 हो गए हैं। इनमें से होम आइसोलेशन में 362 और अस्पतालों में 15 मरीज भर्ती हैं। इनमें से आईसीयू में 4, ऑक्सीजन सपोर्ट पर 7 और वेंटिलेटर पर 1 मरीज भर्ती हैं। दिल्ली में बढ़ते मामलों के बीच कंटेनमेंट की संख्या बढ़कर 2640 हो गई है।





### मोबाइल बैटरी फटी, मासूम की जान पर बनी

छतरपुर। छतरपुर में खेल-खेल में 8 साल की बच्चे की जान पर बन आई। मोबाइल की बैटरी फटने से उसकी आंख में गंभीर चोट आई है। इस दौरान हुए धमाके में उसके हाथ में भी चोट लगी है। मामला नजरबाग का है। इस्तखार खान का 8 साल का बेटा चिंटू खान घर में पड़ी मोबाइल की बैटरी से खेल रहा था। इसी बीच उसने बैटरी चार्ज करने के लिए चार्जर ना लगाकर सीधे बिजली का तार लगा दिया। डायरेक्ट पावर सप्लाई होने के कारण बैटरी में ब्लास्ट हो गया। जिससे वो घायल हो गया।

## संक्षेप न्यूज

### कोलंबिया में सोने की खदान धंसी, 10 मजदूरों की मौत, कई लापता

**नई दिल्ली।** कोलंबिया के लैंगटुआ में सोने की खदान धंसने से 10 मजदूरों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। वहां के गवर्नर ने कहा कि मरने वाले अधिकांश लोग सोने की खदान में काम करने वाले मजदूर थे। मैं घायलों और मृतकों के परिवारवालों से मिलने जा रहा हूं।कोलंबिया डिजास्टर ऑथोरिटी के मुताबिक देश में 16 मार्च से लेकर अब तक लैंडस्लाइड का असर 6,000 से ज्यादा लोगों पर पड़ा है।

### भोपाल के उद्यमिता भवन में आग

**भोपाल।** राजधानी में जेल पहाड़ी इलाके के पास उद्यमिता भवन की चौथी मंजिल पर भीषण आग लग गई। आग की सूचना लगते ही दमकल की गाड़ियां पहुंच गईं और आग बुझाने का प्रयास कर रही हैं। खबरों के मुताबिक आग शुक्रवार की सुबह लगी। अब तक 15 से अधिक दमकलें मौके पर पहुंच चुकी हैं। आग की भीषणता देखते हुए मंत्रालय से भी गाड़ियां बुलाई गई हैं। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

### कर्नाटक और महाराष्ट्र में लाउड स्पीकर की आवाज पर मंदिरों-मस्जिदों को नोटिस

**बेंगलुरु/मुंबई।** धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों की आवाज को लेकर कर्नाटक और महाराष्ट्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। दोनों ही राज्यों में लाउडस्पीकरों की आवाज तय सीमा में रखने को लेकर नोटिस जारी कर कहा गया कि उल्लंघन पर कार्रवाई की जाएगी। बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर कमल पंत ने बताया कि 125 मस्जिदों, 83 मंदिरों, 22 चर्च, 59 पब, बार और रेस्टोरेंट और 12 उद्योगों को नोटिस जारी किए गए।

# पाक की सियासत -आखिरी गेंद तक लड़ूंगा: इमरान

### बचे दो विकल्प, अविश्वास प्रस्ताव का सामना या इस्तीफा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब इमरान खान को 9 अप्रैल यानी कल शनिवार को अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ेगा। 5 जजों की लार्जर बेंच ने एकमत से नेशनल असेंबली के डिप्टी स्पीकर के उस फैसले को असंवैधानिक ठहराया, जिसमें विपक्ष के लाए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज किया गया था। लेकिन इमरान ने अंतिम गेंद तक लड़ने का ऐलान करते हुए आज शाम देश को संबोधित करने की बात कही है।फ्लोर टेस्ट से पहले ट्वीट करते हुए इमरान ने कहा, च्मैंने कैबिनेट के साथ ही संसदीय पार्टी की बैठक बुलाई है। मैं शाम को देश को संबोधित करूंगा। देश के लिए मेरा संदेश यही है कि मैं पाकिस्तान के लिए हमेशा आखिरी बॉल तक लड़ा हूं और आगे भी लड़ूंगा। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने इमरान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करने के नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष कासिम सूरी के विवादास्पद फैसले को रद्द कर दिया है। ऐसे में इमरान के पास आखिरी बॉल पर दो ही विकल्प बचते हैं। एक, अविश्वास प्रस्ताव का सामना करें, दूसरा उससे पहले इस्तीफा दे दें। शाहबाज शरीफ ने डिप्टी स्पीकर कासिम सूरी और प्रधानमंत्री इमरान खान पर च्गंभीर देशद्रोहज् का आरोप लगाते हुए कहा कि इन दोनों पर पाकिस्तानी संविधान के च्अनुच्छेद 6च के तहत कार्रवाई बनती है। बहरहाल, ये बिल्कुल तय है कि इमरान प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। वो जिस सियासी फजीहत से बचने की कोशिश कर रहे थे, उसमें भी नाकाम रहे।



## मध्यप्रदेश में मृत मवेशियों को लेकर बड़ा फैसला

### खुले में नहीं फेंके जाएंगे शव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में हाल ही में भोपाल और इंदौर की गोशालाओं में मवेशियों के शव और कंकाल बिखरे पड़े होने की तस्वीरें सामने आई थीं। इसके बाद सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब मवेशियों की मौत होने पर उनके शव खुले में नहीं फेंके जाएंगे। उन्हें दफनाया जाएगा या फिर इंसीनरेटर पर दाह संस्कार किया जाएगा। इसे लेकर नगरीय विकास और आवास विभाग ने सभी कलेक्टर्स, नगर निगम कमिश्नर, विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक और सभी ष्टरूह्र को पत्र लिखकर निर्देश जारी किए। पत्र में कहा गया है कि शवों को किसी हाल में खुले में न फेंके। ऐसा करने से कुत्ते उन्हें नोंचते हैं। अंतिम संस्कार व्यवस्थित और उचित रिवाज से हो। मध्यप्रदेश में कुल 1392 गोशालाएं हैं। इनमें लगभग आधी गोशालाएं शहरी इलाके के करीब है। कई गोशालाएं ऐसी हैं, जिनमें गोवंश की मौत के बाद शवों को खुले में ही फेंक दिया जाता है। कई बार कुत्ते शवों को नोंचते हुए नजर आते हैं।

# एमपी पुलिस का तर्क जानकर सिर पीट लेंगे

### थाने में कपड़े उतरवाने के मामले ने पकड़ा तूल

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में पत्रकार समेत 8 लोगों को थाने के अंदर अर्धनग्न हालत में खड़ा करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इन तस्वीरों को लेकर एमपी पुलिस पर लगातार खड़े हो रहे हैं। घटना को लेकर पत्रकारों ने जब थाना प्रभारी से सवाल पूछा तो उन्होंने बड़ा अजीब सा तर्क दे दिया। पत्रकारों ने थाना प्रभारी से पूछा कि पत्रकार और प्रदर्शनकारियों के कपड़े क्यों उतरवाए गए? जवाब में थाना प्रभारी ने कहा कि कपड़े नहीं उतरवाए गए, उन्होंने अंडरवियर पहन रखा था। यही नहीं, आगे उन्होंने कहा- कपड़े इसलिए उतरवाए गए ताकि कोई फांसी वगैरह ना लगा ले इसलिए कपड़े उतरवा लिए गए।



वहीं दूसरी तरफ पत्रकार का आरोप है कि वो अपने कैमरामैन के साथ धरना कवर करने गया था। इस दौरान पुलिसवाले उन्हें पकड़कर थाने ले आए और फिर मारपीट की। पीड़ित का ये भी कहना है कि पुलिसवालों ने सबके कपड़े उतरवाए और थाने में जुलूस निकाला। पत्रकार का कहना है कि उन्हें और उनके घरवालों को पुलिस की तरफ से लगातार झूठे केस में फंसाने की धमकियां मिल रही है।

## श्रीलंका में आर्थिक संकट

# हालात संभालने अब IMF से कर्ज मांगेगा

**कोलंबो।** गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा श्रीलंका अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्ज मांगेगा। इसके साथ ही श्रीलंका ने एशियन डेवलपमेंट बैंक और वर्ल्ड बैंक से भी कर्ज लेने की तैयारी कर ली है। ढ्ढरूस्न से इस बारे में बात करने के लिए वित्तीय विशेषज्ञों की 3 मेंबर वाली सलाहकार समिति बनाई है। इस कमेटी में सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका के पूर्व गवर्नर इंद्रजीत कुमारस्वामी को शामिल किया गया है। कमेटी से कर्ज संकट को दूर करने के उपाय सुझाने को भी कहा गया है। इस बीच एशियाई डेवलपमेंट बैंक ने 2022 में श्रीलंका की आर्थिक वृद्धि में 2.5प्रश के मामूली सुधार का अनुमान जताया है। राजपक्षे सरकार के खिलाफ देशभर में प्रदर्शनों के बीच पूर्व मंत्री और सांसद चंपिका राणावाका ने गुरुवार को कहा कि राजपक्षे परिवार ने देश को खूब लूटा है। 2004 से 2014 तक के अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने 19 अरब अमेरिकी डॉलर का गबन किया।



# महिलाओं का रेप कर रहे एलियन, कई प्रेगनेंट


### अमेरिका की नई रक्षा रिपोर्ट में खुलासा

**वाशिंगटन।** एलियन यानी यूएफओ को लेकर समय-समय पर खबरें आती रहती हैं। कई गवाहों ने आरोप लगाया है कि यूएफओ ने मनुष्यों के साथ यौन संबंध बनाए हैं और कई महिलाओं को गर्भवती भी छोड़ दिया है। द सन की एक रिपोर्ट के अनुसार रक्षा खुफिया एजेंसी द्वारा पेंटागन को सौंपे दस्तावेजों में ऐसे दावे किए गए थे। 'Anomalous Acute and Subacute Field Effects on Human and Biological Tissues' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। इस रिपोर्ट में स्पष्ट अपहरण, गर्भावस्था, यौन मुठभेड़ यानी रेप, टेलीपैथी का अनुभव और कथित टेलीपोर्टेशन जैसी विचित्र घटनाओं का जिक्र किया गया है। इस अध्ययन में यूएफओ और मनुष्यों के बीच पांच कथित यौन मुठभेड़ों की बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएफओ यानी एलियन देखे जाने से गवाह घायल हो सकते हैं। विकिरण से जलने, मस्तिष्क की समस्याओं और क्षतिग्रस्त नसों से पीड़ित हो सकते हैं। डीआईए के लिए तैयार की गई रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है।

# रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं रिजर्व बैंक ने दी बड़ी राहत

### नई मॉनेटरी पॉलिसी का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा करने के बाद नई ब्याज दरों के बारे में घोषणा कर दी है। रिजर्व बैंक ने 11वीं बार रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद नई रेपो रेट व रिजर्व रेपो रेट के बारे में ऐलान किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बीते दो साल के संकट के बाद जब हम महामारी की स्थिति से बाहर निकल रहे थे, लेकिन अब वैश्विक अर्थव्यवस्था 24 फरवरी से यूरोप में युद्ध की शुरुआत के साथ विवर्तनिक बदलाव देख रही है।



# झारखंड कांग्रेस में भी संकट!

### अब अपने ही 4 मंत्रियों से नाराज विधायक; राहुल गांधी से मिलेंगे

**नई दिल्ली।** झारखंड की गठबंधन सरकार में शामिल कांग्रेस में भी अब आंतरिक कलह जगह ले रही है। खबर है कि पार्टी के कम से कम 4 असंतुष्ट विधायकों ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से मिलने के लिए समय मांगा है। पार्टी नेता सरकार में शामिल कांग्रेस के चार मंत्रियों पर काम नहीं करने के आरोप लगा रहे हैं। हाल ही में कांग्रेस ने दिल्ली में बैठक आयोजित की थी, जिसमें झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष समेत कई बड़े नेताओं को तलब किया गया था। एक अंग्रेजी अखबार के अनुसार, जमताड़ा विधायक इरफान अंसारी के नेतृत्व में कम से कम चार विधायक राहुल गांधी से मिलने की तैयारी कर रहे हैं। अंसारी के अनुसार, वे पार्टी के पांच और विधायकों के संपर्क में हैं, जो दिल्ली में उनके साथ बैठक में शामिल होंगे।



## आखिर 44 दिन बाद रूस ने माना

# जंग में सेना को हुआ बहुत नुकसान

**कीव/मास्को/ वाशिंगटन।** रूसी हमले के बाद से यूक्रेन के हालात बदतर होते जा रहे हैं। इनकी जंग 44वें दिन में पहुंच गई है और नतीजा सिफर है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि बोरोड्यांका शहर के हालात बहुत खराब हैं। यहां बूचा से बुरी स्थिति है। रूसी सेना का मुकाबला करने के लिए उन्होंने नाटो देशों से तत्काल हथियारों की मांग की है। वहीं युद्ध अपराधों के आरोपी रूस को संयुक्त राष्ट्र ने मानवाधिकार परिषद ने बाहर कर दिया है। इस दौरान हुई वोटिंग में 93 देशों ने रूस के विरोध में मतदान किया, तो भारत समेत 58 देश मतदान से दूर रहे। यूक्रेन से छिड़ी जंग के बीच पहली बार रूस ने माना है कि, उसे काफी सैन्य नुकसान हुआ है। रूस ने इस जंग को सबसे निराशाजनक माना है। क्रेमलिन प्रवक्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि, हमें सैनिकों का बहुत नुकसान हुआ है। यह हमारे लिए बड़ी त्रासदी है। दरअसल, यूक्रेन में रूस को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उम्मीद से परे यूक्रेनी सेना से उसे कड़ा प्रतिरोध मिल रहा है।यूक्रेन के इरपिन शहर में तीन दिन का कर्फ्यू लगाया गया है। इरपिन के मेयर की घोषणा के मुताबिक, आज रात नौ बजे से 11 अप्रैल सुबह नौ बजे तक कर्फ्यू रहेगा। इस दौरान शहर में किसी को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।




### यूक्रेन का दावा- 18 हजार रूसी सैनिक मारे

इस बीच, जर्मनी के एक दावे ने यूक्रेन के बूचा शहर में नरसंहार के आरोप झेल रहे रूस की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जर्मनी ने कहा है कि उसके इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट ने सेटेलाइट के जरिए रूसी सेना का रेडियो ट्रांसमिशन रिकॉर्ड किया है। इस बातचीत में रूसी सेना के अधिकारी सैनिकों को आम नागरिकों की हत्या करने का आदेश दे रहे हैं। जर्मनी ने इस ऑडियो को रिलीज भी किया है और कहा है कि यह ऑडियो बूचा शहर का हो सकता है, जहां पिछले दिनों सैकड़ों नागरिकों की हत्या कर दी गई थी। हालांकि, रूस ने इसे प्रोपगंडा बताते हुए खारिज कर दिया है। साथ ही बूचा नरसंहार की जांच की मांग दोहराई है। इधर, रूसी हमले झेल रहे यूक्रेन ने दावा किया है कि उसने जंग में अब तक रूस के 18 हजार से ज्यादा सैनिकों को मार गिराया है।

# समय पर हो निदान नहीं तो लग सकता है लकवा

**भाग दौड़ भरी जिंदगी में जैस,जैसे समय आगे बढ़ता जा रहा है उसी प्रकार लोग अपने शरीर पर काम का भार ज्यादा डालने लगे हैं। इन सब चीजों में लोग अपने आपको काम में इस तरह व्यस्त कर लेते हैं कि उन्हें अपने स्वास्थ्य की भी चिंता नहीं रहती। लेकिन कई बार ज्यादा काम करना और सेहत पर ध्यान ना देने से स्वास्थ्य पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ सकता है और हम बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। ऐसी ही जनसामान्य बीमारी है सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या। प्राईम टाईम विद आशीष शुक्ला में आज हम इसी विषय पर शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकद्वय डॉ.हर्ष सक्सेना, डॉ. मयंक चंसोरिया और डॉ. गौरव कोचर से चर्चा कर रहे है...।**




वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं
शाम 5 बजे प्रसारण

### समय पर इलाज कराओ नहीं तो ....

जब भी किसी को गर्दन का दर्द होगा तो वह कंधों और हाथों में उतर सकता है साथ ही रीढ़ की हड्डी में भी उतर सकता है। इसमें हाथ में झुनझुनी आती है। अगर वह चिकित्सक के पास नहीं पहुंचा तो हाथों का लकवा या पैरों में आने पर पैरों का लकवा लग सकता है। इस बीमारी में समस्या शुरू होने पर ही चिकित्सक के पास पहुंचने पर रोकथाम हो सकती है अन्यथा बड़ा रूप ले लेती है।

### चक्कर की वजह नहीं स्पॉन्डिलॉइसिस

डॉ. हर्ष सक्सेना कहते है कि, चक्कर आने की वजह गर्दन के एक विशेष क्षेत्र में खून की कमी के कारण आते है लेकिन लोग इसे स्पॉन्डलॉइसिस मान बैठते है और नेक कॉलर लगा लेते है, जिस कारण यह चक्कर की समस्या ज्यादा होती है।

### एक मुद्रा से परेशानी

डॉ हर्ष सक्सेना कहते है कि अगर हम अपनी गर्दन को बहुत देर तक एक ही मुद्रा में रखते है इसलिये स्पॉन्डालाईसिस होने की समस्या होती है और एक बार आप इस बीमारी के शिकार हो गये तो इसके लिये कोई विशेष गद्दे या तकिये की जरूरत नहीं।

### सुन्न करने से मिलता है छुटकारा

पेन फिजिशियन डॉ. मयंक चंसोरिया कहते है कि गर्दन की रीढ़ की हड्डी में चोट होना,कोई ट्यूमर होना या फिर ब्रेन में समस्या होना, ऐसी स्थिति में दर्द होता है तो हम मरीज की हिस्ट्री देखकर हम ज्वाइंट को सप्लाई करने वाली मांसपेशियों को ब्लॉक कर देते है जिसमें कोई चीरा फाड़ी की जरूरत नहीं होती। इसमें मरीज एक दिन में ही ठीक हो जाता है।



प्राईम टाईम विद आशीष शुक्ला में आज चिकित्सक डॉ. हर्ष सक्सेना, डॉ.मयंक चंसोरिया और डॉ.गौरव कोचर से चर्चा

### 10 से 14 दिन में आराम

डॉ. कोचर कहते है कि हमारी कोशिश रहती है कि मरीज को दर्द से निजात मिल जाये, फिजियोथेरेपी में जरूरी है कि अगर दो हफ्ते में आराम नहीं मिल रहा है तो फिर जरूर कुछ छूट रहा है। जरूरी है कि उसका निदान किया जाये अन्यथा तकलीफ और बढ़ जाती है।

### गर्दन की हड्डी का मूवमेंट ज्यादा

स्पाईनल सर्जन डॉ. मयंक चंसोरिया कहते है कि शरीर के अन्य हिस्सों की अपेक्षा गर्दन का मूवमेंट ज्यादा होता है। जिसमें तकलीफ डिस्क के अलावा ज्वाइंट पर ज्यादा देखते है,जिसे हम सर्वाइकल फेशन ज्वाईंट आर्थोपेटिक कहते है,दूसरा कारण महत्वपूर्ण है कि जो गर्दन की हड्डी है वह छोटी छोटी मांसपेशियों पर सधी रहती है और उसके अलावा महत्वपूर्ण मांसपेशी ट्रिपिजिया है, इसमें मांसपेशी स्वंय दर्द उत्पन्न करती है जो गलत पोस्चर से होता है। दूसरा कारण डिस्क की समस्या है, लेकिन हर गर्दन का दर्द डिस्क से संबंधित नहीं होता, लेकिन कमर का दर्द डिस्क की समस्या हो सकती है क्योंकि एक उमर के बाद जो रीढ़ की हड्डी में डिस्क समस्या आती है, लेकिन गर्दन की हड्डी जल्दी खराब होती है। जो तीस से चालीस साल में सूखती है। ऐसी समस्याएं जहां है वहां पेन फिजिशियन और फिजियोथेरेपी की भूमिका नहीं है वहां केवल न्यूरोसर्जन की ही भूमिका होती है।

### ब्लॉक की स्थिति का मुख्य कारण दर्द

जब मरीज की जांच करने के बाद पता चलता है कि उसे अतिगंभीर बीमारी नहीं है तो फिर वहां हम सर्वाइकल एपिड्यूरल की तकनीक का उपयोग करते है जहां हम छोटी सी सुई के माध्यम से रीढ़ की हड्डी में हम दवा डाल देते हैं।

### क्या करना है जब हो गर्दन का दर्द

फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. गौरव कोचर कहते है कि किसी भी इलाज के पहले उसका डायग्नोसिस जरूरी है। क्योंकि जितनी ज्यादा देर उतनी ज्यादा तकलीफ। सर्वाइकल कॉलर हर मर्ज के लिये नहीं होती, वही किस प्रकार का कॉलर लेना है यह भी नहीं मालूम होता है। इसलिये कॉलर ज्यादा लगाने से मांसपेशियां कमजोर हो जाती है और उसे कॉलर की आदत पड़ जाती है। वही तकियां अपने शरीर के हिसाब से लगाना चाहिये। मोबाईल और कम्प्यूटर में या लेटकर टीवी देखते समय अपने पोस्चर का ध्यान जरूर देना चाहिये। साथ ही पांच मिनट एक्सरसाईज से तकलीफ खत्म होती है।

### सर्वाइकल शोल्डर प्राबलम

कंधे जाम होने की समस्या की स्थिति में सबसे खतरनाक मालिश होती है जो मरीज को बहुत बड़ी तकलीफ में डाल देता है जिसके कारण सर्जरी तक की स्थिति बन जाती है। वहीं दिनचर्या में तकलीफ होने के बाद कौन सा योगा करना है वह भी जानना जरूरी है वर्ना तकलीफ और बढ सकती है।

# सेवा ही संगठन के साथ अंत्योदय एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को पूरा कर रही भाजपा

## जिला कार्यालय में मनाया भाजपा का 42 वें स्थापना दिवस

### भाजपाजनों ने सुना प्रधानमंत्री का प्रेरक उदबोधन



कटनी। हमें गर्व होना चाहिए कि आज भाजपा ही इकलौती पार्टी है जो राष्ट्र विरोधी ताकतों तथा परिवारवाद की राजनीतिक चुनौती से देश को सजग कर रही हैए सतर्क कर रही है व देश को आगे बढ़ा रही है। यह विचार आज बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने वर्चुअली सम्बोधन में व्यक्त किये। कटनी जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा का 42 वां स्थापना दिवस समारोह गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। प्रभारी भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील उपाध्याय ने सर्वप्रथम कार्यालय में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में भाजपा का ध्वज फहराया। राष्ट्र गीत के साथ ध्वज की वंदना की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुनील उपाध्याय ने कहा कि हमारी पार्टी ने बीते 42 वर्षों में फर्श से अर्श का सफर तय किया। पार्टी के एक एक कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत हम आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। सेवा ही संगठन, राष्ट्र निर्माण, अंत्योदय के स्वप्न को साकार करते हुए हमारे नेतृत्व ने भारत भूमि को फिर से विश्वगुरु बनाने की दिशा में जो कदम बढ़ाया आज देश के प्रत्येक नागरिक को उस पर गर्व है। उपस्थित समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जिला कार्यालय मंत्री अम्बरीष वर्मा ने भी कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं जो हमें श्री मोदी, श्री नड्डा एवं विष्णुदत्त शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में संगठन कार्य करने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। ध्वज फहराने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरक उद्बोधन को समस्त भाजपा जनों ने ध्यानपूर्वक सुनते हुए प्रधानमंत्री के संकल्प का अनुसरण किया।

### 100 वर्षों में जो राजनीतिक दल नहीं कर सके वह भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व ने कर दिखाया-संजय पाठक

इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे विधायक संजय पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 42 वर्षों में वो कर दिखाया जो 100 साल में अन्य राजनीतिक दल नहीं कर सके। शून्य से शिखर का सफर ही नहीं बल्कि दुनिया में भारत की शक्तिशाली उपस्थिती तथा अंत्योदय की कल्पना को साकार करने वाले भाजपा के हम सभी कार्यकर्ता अपने प्रधान नेतृत्व से आज गौरवान्वित है। कटनी को सर्वसुविधायुक्त युक्त अस्पताल भवन देने के लिए जिला भाजपा की ओर से सुनील उपाध्याय ने इस नेक संकल्प के लिए संजय पाठक का सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा वक्ता जिला उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी ने कहा कि पंडित दीनदयाल, डॉ. श्यामाप्रसाद के सपनों को साकार करने के लिए हम प्रतिबध्द हैं। हमारा सौभाग्य है कि हमें दुनियाभर के नेताओं में सर्वाधिक शक्तिशाली यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा नेतृत्व प्राप्त हुआ। जिला उपाध्यक्ष प्रभारी अध्यक्ष सुनील उपाध्याय ने सभी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दीं तथा भाजपा के ऐतिहासिक इतिहास को सभी के समक्ष रखा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री चेतन हिंदूजा ने किया। स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सर्वश्री चमनलाल आनंद, भंवर सिंह चौहान, अलका जैन, पीताम्बर टोपनानी, सुरेश सोनी, रवि खरे, आशीष गुप्ता, सत्यनारायण अग्रहरी, सूर्यकांत गौतम, दीपक सोनी टण्डन, सुरेश रोचलानी, मृदुल मिश्रा, कैलाश जैन, डॉ. अशोक चौदहा, सीमा जैन सोगानी, शकुंतला सोनी, संगीता जायसवाल, यज्ञदत्त मिश्रा, रविन्द्र मिश्रा, बीरेंद्र मिश्रा, अर्पित अग्रवाल, सचिन तिवारी, नवीन मोटवानी, दीपक तिवारी, पप्पू निषाद आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जाना था मुलजिम पकड़ने यूपी पहुंच गए पुलिस लाइन



### जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी के आरोप पर एएसआई निलंबित

कटनी। जनपद अध्यक्ष एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष कन्हैया तिवारी ने बुधवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर कुठला थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक बृजेंद्र तिवारी के ऊपर गंभीर आरोप लगाए। इसकी शिकायत भी पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन सहित पुलिस महानिदेशक से की। एसपी को की गई शिकायत में बताया कि एएसआई बृजेंद्र तिवारी ने बुधवार दोपहर दो बजकर 17 मिनट में फोन लगाकर कहा कि उत्तप्रदेश मुलजिम को पकड़ने जाना है। कार और डीजल की व्यवस्था करने कहा गया। इसके बाद 3 बजकर 20 मिनट में फिर कार व डीजल की मांग की गई। जनपद अध्यक्ष ने कहा है कि किसके आदेश और निर्देश पर पुलिस कर्मी इस तरह से लोगों को फोन लगाकर धौंस जमा रहे हैं। पुलिस का रवैया जब जनप्रतिनिधि के साथ इस तरह का है तो फिर आम लोगों के साथ क्या होता होगा। इस मामले की जांच कराते हुए कठोर कार्रवाई की मांग एसपी से की गई। इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने कहा कि इस मामले में तत्काल सहायक उप निरीक्षक को निलंबित करते हुए पुलिस लाइन हाजिर किया गया है। गौरतलब है कि पूर्व में भी बृजेंद्र तिवारी पर कई गंभीर आरोप लग चुके हैं।

### 2 एकड़ में लगी गेहूं की फसल आग में जलकर खाक

**कटनी।** स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत पड़वार में गुरुवार की दोपहर आगजनी की घटना घटित हुई। जिससे 2 एकड़ गेंहू की पकी खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। आगजनी की घटना जब घटित हुई उस वक्त कृषक खेतों में ही थे, जिससे आगजनी की घटना पर काबू पाने कृषि पम्पों से काबू पाए। घटना की जानकारी जब पूरे गांव को लगी तो ग्रामीण जन एकत्रित हो गए। हल्का पटवारी भारतेश सिंह मौके पर पहुंचे ओर पंचनामा कारवाई की। हल्का पटवारी भारतेश सिंह ने बताया कि गुरुवार की दोपहर ग्राम पड़वार में आगजनी की घटना घटित हुई। जिसमें डेढ़ से 2 एकड़ गेहूं की फसल आग में जलकर खाक हो गई। आगजनी की घटना शॉर्ट सर्किट से हुई। आगजनी की घटना से पड़वार के कृषक सोनेलाल, महेश, नरेश, राममिलन जायसवाल व सुदर्शन जायसवाल की फसल को नुकसान हुआ।

### विज्ञप्ति

कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प के स्वीकृति आदेश संख्या J-12012/1/35 (56)/2021 22/DS/WR/GEN Date 12-10-2021 12.10.2021 अनुपालन में संस्थान को स्टोन क्राफ्ट के 50 शिल्पियों को टूलकिट (Power Drill Machine with drills set of 4,5,6,8, 10mm, Hand Grinder with 3 type blades, Hammer Ball Pein 600 gm, Hammer Square 500gm, Outside Caliper 8", Aari 12", File Tikora 5", Try Square 6", Wooden Mallet, Needle File set of 6 pcs., Carving Chiesel set of 6 pcs., Brush 1.5 " Plastic, Brush 2" Nylon, Scale Steel12", C - Clamp 8", Round bit Chiesel 4 Shaped, Flat File 8", 10" & 12", Half Round File 10", Measuring Tape 3mtr, Sand Paper water proof 80 & 100 no- 5pcs. each, Degree protector Cobination Stone, Tracing paper A3-5Sheet, Crayon Black for making Drawing Book A4, Pencil Rubber and Sharper, Gogle Clear, Hand Glove, Nose Mask?, Adesive-Araldite, Batti for rubbing) सप्लाई करने हेतु इच्छुक सप्लायर 14 दिन के अंदर उपरोक्त टूल किट हेतु कोटेशन निम्न पते पर भेजने का कष्ट करें।

The President
Om Sai Jan Kalyan Avam Vikas Samiti
Masurha Ward Katni (M.P.)

# विकास के कार्यों में नहीं होगी धन की कमी–सीएम

### मुख्यमंत्री ने किया प्रदेश के सबसे ऊंचे रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण

**कटनी।** प्रदेश के सबसे ऊंचे 85 करोड़ रूपये की लागत से बनकर तैयार रेलवे ओवर ब्रिज का लोकार्पण करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के कार्यों के लिये धन की कोई कमी नहीं होने देगी। प्रदेश में 32 हजार करोड़ रूपये की सड़कें बनाने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। हम सभी छोटे-बड़े विकास कार्यों को हाथ में लेंगे और उन्हें पूरा करेंगे। प्रदेश सरकार हर गरीब व्यक्ति के अपने घर के सपने को पूरा करेगी। जिन लोगों के पास मकान बनाने के लिये जमीन नहीं है उन्हें आवासीय भूमि का पट्टा देकर जमीन का मालिक बनाया जायेगा। आने वाले तीन वर्षों में हर गरीब का पक्का मकान होगा। कार्यक्रम में सांसद व्ही डी शर्मा, प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, संदीप जायसवाल, पूर्व मंत्री मोती कश्यप, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा सहित अन्य गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी सं या आमजन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि नव निर्मित रेलवे ओवर ब्रिज 85 करोड़ 49 लाख 45 हजार रूपये की लागत से बना है। इसको प्रदेश का सर्वाधिक ऊंचा ब्रिज होने का गौरव हासिल है। रेलवे लाइन के ऊपर यह ओवर ब्रिज 18ण्04 मीटर ऊंचा है। रेलवे द्वारा प्रदेश का पहला ग्रेड सेपरेटर बनाया जा रहा हैए इसलिए इसकी क्लियरिंग देने के लिए ब्रिज की ऊंचाई बढ़ाई गई है। ब्रिज के निर्माण में इंजीनियरिंग की अत्याधुनिक तकनीक और सामग्री का उपयोग किया गया है। ब्रिज पर शोर में कमी के लिए नोइज बेरियर लगाया गया है। 48 पिलर पर खड़े इस रेलवे ओवर ब्रिज कम लाई ओवर की बरगवां से चांडक चौक तक कुल लंबाई 1433.51 मीटर है। ब्रिज की भारवाहन क्षमता 70 टन है। ब्रिज में कुल 47 स्पॉन हैंए जिनके एक गर्डर का वजन डेढ़ सौ टन और ऊंचाई तीन मीटर है। इसकी निर्माण एजेंसी लोक निर्माण सेतु संभाग जबलपुर है। अगले तीन साल तक अर्थात 31 मार्च 2025 तक इसका मेंटीनेंस कार्य संबंधित ठेकेदार द्वारा ही किया जाएगा। कार्यक्रम का कुशल संचालन भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी गौतम ने किया।



### कटनी को स्वच्छ और सुदंर बनायेंगे


मुख्यमंत्री ने कटनी को साफ स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिये जनता से सहभागिता और जि मेदारी निभाने का आव्हान किया है। उन्होंने कटनी के लोगों को इसे साफस्वच्छ बनाने का संकल्प दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्य सरकार करेगी लेकिन कटनी को प्रदेश के इंदौर की तरह सुंदर शहर बनाने के लिये जनता को आगे आना होगा।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 4 शो ता. 08 से
12, 3.30, 7 एवं रात्रि 10.15 बजे से



RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 08 से
2.15 एवं सायं 7.15 बजे से





ATTACK (हिंदी में)
कलाकार- जॉन अब्राहम, रकुलप्रीत सिंह, प्रकाश राज, किरन कुमार आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 08 से
11.30, 4.30 एवं रात्रि 9.30 बजे से



FANTASTIC BEATS (हिंदी में)
कलाकार- एडी रेडमेन,डॉग फोगलर, एलिसन सुडोल, कोलिन फेरल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में



शानदार तीसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 25 से
11.45, 3 एवं 6.15 बजे से
RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 08 अप्रैल 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# माइक्रोलिफ्ट इरिगेशन योजना से बुझेगी खेतों की प्यास

### बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के स्लीमनाबाद में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने की घोषणा



**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्लीमनाबाद में मुख्यमंत्री बिजली बिलों से राहत योजना का शुभारंभ करते हुए घोषणा की कि कोविड काल के 88 लाख बिजली उपभोक्ताओं का 31 अगस्त 2020 तक का 6400 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल माफ कर दिया गया है, जिसे प्रदेश सरकार भरेगी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्रों में बिजली बिल माफी के लिए शिविर लगाकर हितग्राहियों को योजना का लाभ दें तथा उन्हें बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र दिलाएं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार प्रतिवर्ष 21 हजार करोड रुपए बिजली सब्सिडी में खर्च करती है। जिले के कुल 5929.44 लाख रुपये के बिल इस योजना के शुभारंभ के साथ माफ कर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कक्षा पहली से पांचवी तक के प्रत्येक छात्र को 10 किलो मूंग दाल प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार छठवीं से कक्षा आठवीं तक के प्रत्येक छात्र को 15 किलोग्राम प्रति छात्र मूंग की दाल प्रदान की जाएगी। राशन वितरण में किसी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला प्रशासन गड़बड़ी करने वालों पर एफआईआर करें। जेल भेजे तथा आवश्यक होने पर उनकी संपत्ति पर बुलडोजर चलाएं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा सितंबर 2022 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 5 किलो प्रति व्यक्ति प्रतिमाह राशन प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा 5 किलोग्राम प्रतिव्यक्ति मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के तहत राशन वितरण किया जाएगा।

### रानी दुर्गावती के नाम पर होगा बहोरीबंद कॉलेज



मुख्यमंत्री ने बताया कि क्षेत्र में सिंचाई की समस्या को दूर करने के लिए माइक्रो लिफ्ट इरिगेशन योजना बनाई जाएगी, ताकि क्षेत्र के सूखे खेतों की प्यास बुझाई जा सके। उन्होंने मंच से क्षेत्र के 159 गांव की जनता के पीने के पानी की योजना को भी मंजूरी दी। बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे द्वारा बहोरीबंद कालेज का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती करने, स्लीमनाबाद कॉलेज का नाम स्वामी विवेकानंद करने, बहोरीबंद के नवनिर्मित बस स्टैंड का नाम वीरांगना रानी अवंती बाई करने, बहोरीबंद में आगामी सत्र से वाणिज्य तथा विज्ञान की कक्षाएं प्रारंभ करने एवं आगामी सत्र से क्षेत्र में महाविद्यालय तथा रीठी में आईटीआई प्रारंभ करने की मांग की। जिसे मुख्यमंत्री ने मंजूरी दी।



### मंच से हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिजली बिलों से राहत योजना के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान मंच से बिजली बिल माफी के हितग्राही, मुख्यमंत्री उद्योग क्रांति योजना के हितग्राही, बैंक ऋण स्वीकृति प्रासकर्ताओं को अतिथियों ने हितलाभ प्रदान किया। अतिथियों ने एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी कार्यक्रम के तहत कटनी जिले की आंगनवाड़ियों के उन्नयन कार्य को प्रदर्शित करती पुस्तिका का विमोचन भी किया। कटनी जिले में 1700 से ज्यादा जनप्रतिनिधियोंए समाजसेवियों एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा आंगनबाड़ियों को गोद लेकर उनके उन्नयन के लिये 1 करोड़ 18 लाख की राशि खर्च की गई है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सांसद व्ही डी शर्मा, प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय की उपस्थिति रही।

### विकास कार्यों का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री ने 423 करोड़ 96 लाख 43 हजार रुपये के विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात दी। जिसमें 357 करोड़ 70 लाख 65 हजार रूपये की लागत के विभिन्न विभागों द्वारा कराए गए कार्यों का लोकार्पण और 66 करोड़ 25 लाख 78 हजार रूपये की लागत से प्रारंभ होने वाले विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने बड़वारा विधानसभा के 68 करोड़ 65 लाख 36 हजार रूपये के विकास कार्य का लोकार्पण किया और 24 करोड़ 36 लाख 8 हजार रूपये की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में 168 करोड़ 63 लाख 13 हजार रूपये के कार्यों के लोकार्पण व 24 करोड़ 97 लाख 61 हजार रूपये के कार्यों का भूमिपूजन, मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र में 109 करोड़ 99 लाख 39 हजार रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण व 4 करोड़ 50 लाख 87 हजार रूपये के विकास कार्यों की आधारशिला रखी। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ 42 लाख 77 हजार रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण व 12 करोड़ 41 लाख 22 हजार रूपये के विकास कार्य का भूमिपूजन भी कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान के हाथों किया गया। स्वागत भाषण विधायक प्रणय पांडे ने दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ कन्या पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में आभार विधायक संजय सत्येंद्र पाठक द्वारा किया गया।



# संस्कार भारती परिवार ने उत्साह से मनाया नववर्ष

### हिन्दू नववर्ष पर जालपा मढ़िया में आयोजन

**कटनी।** गुड़ी पड़वा चैत्र प्रतिपदा से प्रारंभ हिंदू नव वर्ष का स्वागत अभिनंदन संस्कार भारती कटनी इकाई द्वारा शानदार ढंग से किया गया। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर मंदिर में आने वाले भक्तों को रोली तिलक लगाकर और प्रसाद देकर नव वर्ष की शुभकामनाएं देकर मनाया। मां जालपा की सामूहिक आरती पूजन वंदन संस्कार भारती परिवार के सदस्यों ने किया। सुश्री मीरा भार्गव, डॉ प्रतिमा रमन के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष दिनेश पांडेय, उपाध्यक्ष, नवीन गुप्ता, अशोक तिवारी सचिव, वीरेंद्र श्रीवास्तव, सुशील तिवारी, राजेश बरसैंया, की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम को संम्पन करने में महिलाओं की उपस्थिति बड़ी संख्या में रही, जिसमे सुश्री मीरा भार्गव, दिनेश पांडेय, श्रीमती गीता पांडेय, श्रीमती कल्पना कोटक, श्रीमती मीना खंडेलवाल, श्रीमती हीरामणि बरसैन्या, श्रीमती आकांक्षा बरसैन्या, सुशील तिवारी, आर बी गुप्ता, नवीन गुप्ता, श्रीमती अनीता सिजारिया, श्रीमती शालिनी सोनी, श्रीमती सुनीता कनकने, श्रीमती अलका अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, श्रीमती दीपाली गुप्ता, अशोक तिवारी, श्रीमती माया तिवारी, श्रीमती अनीता वैश्य, वीरेंद्र श्रीवास्तव, राजेश बरसैंया शामिल है।



# गरीबों को अनाज वितरित कर मनाई पंडित सत्येंद्र पाठक की जन्म जयंती

### रोटी बैंक ने जालपा मढिया में चढ़ाई चुनरी, माता को श्रृंगार किया अर्पित

**कटनी।** पूर्व केबिनेट मंत्री कर्मयोगी पंडित सत्येंद्र पाठक की जन्मजयंती के अवसर पर शहर की सामाजिक संस्था रोटी बैंक द्वारा स्थानीय जालपा मढ़िया में गरीबों को अनाज का वितरण करने के साथ ही मां जालपा मढ़िया को चुनरी एवं श्रृंगार भेंट किया गया। इस अवसर पर संजय पाठक फ्रेंड्स ग्रुप के स्टेट चेयरमैन डॉ सुरेंद्र राजपूत, श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष आशीष सोनी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला, पूर्व पार्षद शिल्पी सोनी, डॉ ज्योति राजपूत, रोटी बैंक की अध्यक्ष जूनी राजपूत, डॉ श्रीमती उषा पांडे, डॉ मनोज खरे, पत्रकार आशीष रैकवार, अरविंद जायसवाल, राकेश तिवारी, आशीष पटेल, सतीश पटेल, दीपिका खम्परिया, रेनु रैकवार, नवनीत गुप्ता, सजल सांधेलिया, रश्मि राय, सरिता गुप्ता, शैलेंद्र कुशवाहा, अनंत गुप्ता, सुरेश उसरेठे, सतीष तिवारी, राकेश जैन आदि की उपस्थिति रही।



### जवाहर नवोदय विद्यालय लेटर एन्ट्री परीक्षा 9 अप्रैल को

कटनी। जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में सत्र 2022-23 के लिये कक्षा 9वीं में रिक्त स्थानों में प्रवेश के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय लेटरल एन्ट्री परीक्षा का आयोजन 9 अप्रैल को होगा। इस परीक्षा से संबंधित एडमिट कार्ड नवोदय विद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी पर जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा ने बताया कि लेटरल एन्ट्री परीक्षा का आयोजन बड़वारा तहसील अंतर्गत दो केन्द्रों पर होगा। जिसमें पहला केन्द्र जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा हो। इस केन्द्र पर रोल नंबर 185373 से 185788 तक के छात्र परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। इसी प्रकार शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा कटनी को भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जिसमें रोल लंबर 185769 से 186015 तक के परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र, फोटोयुक्त पहचान पत्र एवं मास्कए पानी की बॉटल के साथ निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 10 बजे पहुंचने के लिये कहा गया है। परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिये कार्यालयीन समय पर दूरभाष नंबर 07626-276281 पर संपर्क किया जा सकता है।

### खुलेआम चल रहा कमीशनखोरी का खेल



**कटनी।** प्रशासनिक लचर व्यवस्था का फायदा उठाकर एक बार फिर निजी स्कूल खुलकर अपनी मनमानी और कमीशन खोरी पर उतर आए हैं। शहर के नामी स्कूलों के साथ साथ अमूमन सभी स्कूलों द्वारा विद्यार्थियों को चिन्हित खास दुकानों से किताबें और यूनिफार्म खरीदने विवश किया जा रहा है। जहां मनमाने दाम पर ये बेची जा रही है। प्रशासन के आदेश के परिपालन में निजी स्कूल प्रबंधनों द्वारा स्कूलों के नोटिस बोर्ड पर भले ही 3 दुकानों के नाम अंकित कर रखें हो लेकिन देखने में आ रहा है कि इन 3 दुकानों में सिर्फ एक में ही संपूर्ण किताबों का सेट और कंप्लीट यूनिफॉर्म मिलती है, जिसकी वजह से ऐसी ही दुकानों से लोग ये सामग्री खरीदने मजबूर हैं। जिसकी वजह से शहर की ऐसी कुछ चुनिंदा दुकानों में भारी भीड़ देखी जा सकती है। शहर में निजी स्कूलों की इस मनमानी पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवम जिला शिक्षा समिति अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने नाराजगी और कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने कलेक्टर से इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने की मांग की है साथ ही अभिभावकों से भी अपील की है कि वे इसके विरुद्ध खुलकर आवाज उठाएं।

# स्कूलों में नहीं हवा, प्रकाश और पीने के पानी का पर्याप्त इंतजाम

### बिना किसा तैयारी के शुरू हुआ नया शैक्षणिक सत्र, अव्यवस्थाओं के कारण छात्रों की सेहत पर पड़ रहा विपरीत असर



**कटनी।** बिना किसी तैयारी के जिले में शुरू हुए नवीन शिक्षण सत्र दौरान विद्यार्थियों की सेहत और अध्यापन व्यवस्था को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को पत्र लिखकर दो टूक कहा है कि जीर्ण शीर्ण भवनों में स्कूल न लगाया जाए। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए शासकीय स्कूलों में बच्चों के पेयजलए बैठक और गर्मी से बचने की पर्याप्त व्यवस्था हो। यदि शिक्षण सत्र दौरान स्कूल में गर्मी के दौरान किसी भी अव्यवस्था की वजह से किसी विद्यार्थी की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ता है तो उसके लिए दोषी अधिकारियों को कड़ी कार्यवाही से गुजरना पड़ेगा। जिला पंचायत सीईओ और जिला शिक्षा अधिकारी को लिखे पत्र में श्री विश्वकर्मा ने साफ कहा है कि विगत कुछ वर्षों से देखने में आ रहा है की बच्चों को शिक्षण के साथ साथ स्कूलों में अन्य कार्यों में शिक्षकों द्वारा लगा दिया जाता हैए बच्चों से मध्यान्ह भोजन के बर्तन धुलवाए जाते हैं, टॉयलेट साफ कराए जाते है तथा स्कूलों में झाड़ू लगवाने से लेकर साफ सफाई के कार्य भी कराए जाते हैं जो कि निंदनीय है। यदि इस वर्ष बच्चों से स्कूल में इस तरह के किसी कार्य कराए हुए पाया गया तो ऐसे स्कूल के प्राचार्य और दोषी शिक्षक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। न सिर्फ शासकीय स्कूल बल्कि निजी स्कूलों का प्रबंधन भी इन बातों का विशेष ध्यान रखे। वरना ऐसे स्कूलों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर वे सख्त कदम उठाएंगे।

### 6 माह से नहीं हुई शिक्षा समिति की बैठक

गौरतलब है की जिला शिक्षा समिति की बैठक का आयोजन विगत 6 माह से नहीं हुआ है। जो कि जिले के शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों की शिक्षा के प्रति उदासीनता को साफ परिलक्षित कर रहा है। इतना ही नहीं पिछली बैठक में हुए अधिकांश निर्णयों का परिपालन भी न किया जाना डीईओ सहित जिले के अन्य अधिकारियों की लापरवाही को भी दर्शाता है।

# सरकार की घोषणाओं पर नहीं हुआ अमल



### आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री से चर्चा कर सौपा मांग पत्र

**कटनी।** आम आदमी पार्टी जिला के जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने साथियों सहित मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के आगमन पर शहर मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए मांग पत्र सौंपा। मुख्य मांगों में कटनी नदी का 90 मीटर पुल जो लगभग 14 वर्षों से निर्माणाधीन है। लोग मृत पुल से आवागमन को मजबूर है, इससे संबंधित दोषियों पर सख्त कार्यवाही क्यों नहीं हुई। कटनी की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यहां मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक कॉलेज, एयरपोर्ट की सख्त आवश्यकता है। पूर्व में बैनर पोस्टर के माध्यम से इसकी स्वीकृति का प्रचार प्रसार किया गया, किंतु क्रियान्वयन नहीं हुआ। शहर राजनैतिक उपेक्षा का शिकार है। आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ट्रांसपोर्ट नगर योजना क्रियान्वित नहीं हुई। बड़े वाहन शहर के अंदर आने से अप्रिय घटनाएं हो रही है। माधवनगर में लंबे समय से सिंधी समाज स्थायी पट्टे की मांग कर रहा है। आपके द्वारा निरंतर आश्वासन दिए गए। प्रचार प्रसार किया गया लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। जिले व शहर में शासकीय व नजूल की भूमि पर पीढ़ी दर पीढ़ी कच्चे मकान बनाकर निवास कर रहे गरीबों को भू-स्वामी का हक देने की योजना पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में आपके द्वारा वर्षों पूर्व घोषणा की गई थी कि नर्मदा जल यहां तक पहुंचाया जाएगा, किंतु वहां की हजारों एकड़ भूमि पानी के अभाव में बंजर हो चुकी है। कोई रोजगार का दूसरा साधन नहीं है। जिले में लोग पीने के पानी को लेकर संघर्ष कर रहे है, किंतु स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने मुख्यमंत्री से कहा कि आप 18 वर्षों से प्रदेश के मुखिया है। जनता को आपसे बहुत उम्मीदें है जो कि अब निराशा में बदल रही है। इन जन हितैषी मांगों का तत्काल निराकरण किया जाए। कटनी में आपके द्वारा ओव्हर ब्रिज का लोकार्पण व एक बेहतर सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा प्रदान किया गया है। इसके लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, रणजीत मौर्य पिंटू, दीपक आजाद, राजा सेन आदि उपस्थित रहे।

### रामजानकी मंदिर में 11 अप्रैल को विशाल भंडारा

**कटनी।** श्री रामजानकी मंदिर पहाड़ी निवार में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवरात्र पर्व की नवमी पर शनिवार 9 अप्रैल को माताजी की महाआरती एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 5051 दीपों के साथ महाआरती की जाएगी एवं विशाल भण्डारा सोमवार 11 अप्रैल को आयोजित किया गया है। श्री रामजानकी मंदिर समस्त भक्त मण्डल ने श्रद्धालुओं से इस आयोजन में पहुंचने का आग्रह किया है।


### कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी, मुड़वारा ( म.प्र. )

क्रं.75 ज.प्र.वि./2022-23 — कटनी, दिनांक 05.04.2022

### निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेंडरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार म.प्र. शासन, लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर आयोजित की जाती है। समस्त शर्तें व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में नगरपालिक निगम, कटनी में अथवा https://www.mptenders.gov.in पोर्टल पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मात्रा | अनुमानित लागत ( राशि लाख रुपये में ) | अमानत राशि ( राशि रुपये में ) | निविदा प्रपत्र की मूल्य ( राशि रुपये में ) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर निगम के विभिन्न वार्डों में 125 mm Dia Ordinary tubewell खनन का कार्य। | 15 नग | 8.75/- | 8,750/- | 2000/- | 15 दिवस |

निविदा का शेड्यूल निम्नानुसार है :-
1. निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 06.04.2022 को सायंकाल 5.30 से।
2. निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21.04.2022 को सायंकाल 5.30 से।
3. बिड खोलने की तिथि 23.04.2022 को दोपहर 1.00 बजे से।
4. निविदा के सभी संशोधन सिर्फ ऑनलाईन अपलोड किये जावेंगे, समाचार पत्रों में नहीं।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते- आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी



यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

### किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

From 8th April 2022

CINEWORLDZ CINEMA KATNI

Mittal MALL




| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Fantastic Beats | 10:30 AM | | |
| RRR Hindi 2D | 12:15 PM | RRR Hindi 3D | 1:00 PM | The Kashmir Files | 12:00PM |
| RRR Hindi 2D | 3:30 PM | Fantastic Beats | 4:15 PM | The Kashmir Files | 3:15 PM |
| RRR Hindi 2D | 6:45 PM | RRR Hindi 3D | 7:00 PM | The Kashmir Files | 6:30 PM |
| RRR Hindi 2D | 10:00 PM | Fantastic Beats | 10:15 PM | The Kashmir Files | 9:45 PM |

Paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

mgm HOSPITAL

### एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर

किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. विशाल वडेरा, एम.डी., डी.एन.बी (नेफ्रोलॉजी)
(दिनांक 09/04/2022) समय दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक)
।। उपलब्ध उपचार।।
किडनी संबंधी समस्या, ब्लड प्रेशर का बढ़ना, पुराने मधुमेह (शुगर) की बीमारी, पैरों की सूजन होना, पेशाब का कम होना या बार-बार होना, हमेशा गैस का बना रहना या बार-बार गैस बनना, खाने का पाचन सही तरह से न होना, किडनी की समस्त समस्या हेतु संपर्क करें।
हर माह के दूसरे शनिवार 12:00 बजे से 2:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

मस्तिक रोग विशेष
डॉ. हर्ष सक्सेना डी.एन.बी. एम.सी.एच. न्यूरो सर्जरी
(दिनांक 10/04/2022) समय दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे तक)
।। उपलब्ध उपचार।।
सिर एवं रीढ़ की चोटे, दिमाग एवं रीढ़ के ट्यूमर, ब्रेन हेम्रेज, लकवा रोग, स्लिप डिस्क, कमर एवं गर्दन दर्द, नसों के रोग, मिर्गी रोग, सिर दर्द, माईग्रेन, दिमाग का बुखार, बच्चों में बड़ा सिर, दिमाग और रीढ़ की टी.वी., बच्चों के रीढ़ के फोड़े एवं लकवा, समस्त न्यूरो संबंधी बीमारियों का अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ऑपरेशन एवं इलाज, लकवा रोग ग्रसित मरीजों के लिए पुर्नवास प्रशिक्षण सुविधा, जटिल मिर्गी रोग का दवाईयों द्वारा सफल इलाज एवं पुर्नवास।
हर माह के दूसरे रविवार 12:00 बजे से 3:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

नोटः असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।
पता- फारेस्टर प्ले ग्राउंड के सामने कचहरी चौक कटनी फोन-07622-405070-71-72

# एसीसी गेट में धरने पर बैठे बेरोजगारों की सुध लेने पहुंचे विधायक

## छाया के लिए टेंट लगवाया, भोजन का भी कराया इंतजाम, रोजगार देना तो दूर बात करने भी तैयार नहीं एसीसी प्रबंधन

**कैमोर। एसीसी के मुख्य द्वार पर एसएमटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त बेरोजगार युवाओं का अनिश्चितकालीन धरना आज पांचवें दिन भी जारी रहा। इन युवाओं की मांगों पर विचार करना तो दूर एसीसी के अधिकारियों ने धरने पर बैठे युवाओं से बात करना भी जरूरी नहीं समझा। जिला अथवा तहसील प्रशासन के किसी अधिकारी ने भी इन युवाओं की समस्या को लेकर प्रबंधन से चर्चा करने में कोई रुचि नहीं दिखाई अलबत्ता मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक युवाओं के इस धरने की खबर मिलते ही बीते मंगलवार की शाम धरना स्थल पर पहुंच कर इन युवाओं का हौसला बढ़ाया। विधायक श्री पाठक ने कड़ी धूप में बैठे इन युवाओं के लिए न केवल टेंट का इंतज़ाम कराया बल्कि इनके लिए धरना स्थल पर ही खाने-पीने की व्यवस्था भी कराई। विधायक श्री पाठक का समर्थन मिलने से इन बेरोजगार युवकों में उम्मीद की नई किरण जगी है, उन्हें पूरा भरोसा है कि विधायक के प्रयासों से उनके रोजगार का सपना जरूर पूरा होगा।**






गौरतलब है कि एसीसी के प्रशिक्षण संस्थान एसएमटीआई से विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करके एक साल की प्लांट ट्रेनिग पूरी करने के 6 साल बाद भी एसीसी ने लगभग 40 युवाओं को अब तक नियुक्ति पत्र प्रदान नहीं किया। पिछले 5-6 सालों से रोजगार की मांग कर रहे इन युवाओं को एसीसी के अधिकारी झूठा आश्वासन ही देते रहे। एसीसी प्रबंधन के इस रवैये के ख़िलाफ विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षित इन युवाओं ने बीते सोमवार से एसीसी जनरल ऑफिस के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ कर दिया है। एसीसी द्वारा पहले तो पुलिस के सहयोग से धरने पर बैठे युवाओं को एसीसी गेट से हटाने का प्रयास किया गया पर पुलिस के समझाने के बाद भी धरने पर बैठे युवा हटने को तैयार नहीं हुए। प्रबंधन दूसरे दिन भी युवाओं पर दबाव बनाने की तैयारी कर रहा था तभी शाम 6 बजे विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक धरना स्थल पहुंच गए। उन्होंने युवाओं की मांग का समर्थन किया साथ ही एसीसी के अधिकारियों को फटकार भी लगाई। विधायक श्री पाठक ने इंटक यूनियन और कैमोर सीमेंट तथा खदान मजदूर संघ के श्रमिक नेताओं से भी अपील की कि वे बेरोजगार युवाओं के आंदोलन में सहयोग करें। विधायक श्री पाठक ने धरना स्थल पर छायादार टेंट और धरने पर बैठे युवाओं के लिए दोनों टाइम खाने-पीने का भी इंतजाम कराया। एसएमटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले इन युवाओं द्वारा स्थायी नौकरी मांगे जाने की बात को एसीसी प्रबंधन स्वीकार नहीं कर रहा। प्रबंधन का कहना है कि एसएमटीआई में प्रशिक्षण से पहले या प्रशिक्षण के दौरान कभी भी एसीसी ने यह नही कहा कि प्रशिक्षण के बाद एसीसी में नौकरी दी जाएगी। इन युवाओं ने स्वेच्छा से केवल प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं प्लांट ट्रेनिग के लिए एसएमटीआई में प्रवेश लिया था। अब इनका प्रशिक्षण पूरा हो चुका हैएप्लांट में व्यवहारिक प्रशिक्षण भी इन्हें दिया जा चुका है। प्रशिक्षण से सम्र्बंधित सर्टिफिकेट भी दिए जा चुके हैं। इसके बाद युवाओं से यही कहा गया था कि प्लांट में रिक्वायरमेंट होने पर उन्हें अवसर प्रदान किया जाएगा पर ये युवा अभी रोजगार दिए जाने की मांग कर रहे। स्थानीय स्तर पर इनकी मांग पूरी करना प्रबंधन के लिए संभव नहीं है। इनका प्रकरण एसीसी मुख्यालय मुम्बई भेजा जा चुका है जहां से प्राप्त निर्देशो के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। वहीं धरने पर बैठे युवाओं का कहना है कि उनके बैच से पहले एसएमटीआई से जितने बैच निकले हैं उन्हें भी प्रशिक्षण के बाद रोजगार की गारंटी नहीं दी गई थी पर इसके बाद भी सभी को एसीसी में स्थायी नियुक्ति प्रदान की गई है। कैमोर के अलावा एसीसी के वाड़ी एवं अन्य प्लांटों में भी एसएमटीआई ट्रेनीज को नौकरी दी गई है। 2018-19 के बैच में ट्रेनिग पूरी करने वाली महिला प्रशिक्षणारथियों को भी स्थायी नौकरी दी जा चुकी है केवल उनके बैच को भटकाया जा रहा। धरने पर बैठे युवाओं का यह भी कहना है कि उनका प्रकरण हेड ऑफिस भेजा ही नहीं गया। स्थानीय प्रबंधन चाहे तो हेड ऑफिस से स्वीकृति प्राप्त कर उन्हें नौकरी दे सकता है पर प्रबंधन की ऐसी कोई मंशा ही नहीं है। बहरहाल पिछले चार-पांच दिन से युवाओं का धरना आंदोलन जारी है। विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक का समर्थन मिल जाने से इन युवाओं का हौसला और उम्मीद दोनों बढ़ी है। एसीसी ने जल्द ही इन युवाओं से बातचीत कर कोई रास्ता नहीं निकाला तो आगे चलकर यह आंदोलन और भी बड़ा स्वरूप ले सकता है।

# 101 मीटर की चुनरी से किया मातारानी का श्रृंगार







**कैमोर।** दो साल कोरोना के चलते कैमोर के भाटिया मोहल्ले में चैत्र नवरात्रि पर्व पर जगत जननी शक्तिस्वरूपा की प्राण प्रतिष्ठा नहीं हो पाई थी। आयोजन करने वाली नवयुवक दुर्गोत्सव कमेटी से लेकर मातारानी की उपासना करने वाले श्रद्धालुओं में भी चिंता इसी बात की थी इस बार क्या होगा अंततः माता भगवती की कृपा से देश से कोरोना का संकट समाप्त हो गया और प्रशासन ने भक्तों को नवरात्र पर्व पर मातारानी की प्राण प्रतिष्ठा सहित सभी कार्यक्रमों की अनुमति प्रदान कर दी। अनुमति मिलते ही नयवुवक दुर्गोत्सव समिति के युवा उत्साह के साथ शक्ति स्वरूपा का महापर्व मनाने की तैयारियों में जुट गए। जिसका परिणाम यह हुआ कि भाटिया मोहल्ला नवरात्र पर्व पर मातारानी की भक्ति का केंद्र बन गया है।

### दो साल बाद कैमोर के भटिया मोहल्ले में फिर छाई नवरात्र पर्व की धूम

प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु जगतजननी की भव्य स्वरूप वाली प्रतिमा के दर्शन करने पहुंच रहे। भाटिया मोहल्ले में बैठकी के दिन शेर पर सवार मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा क्षेत्र के प्रतिष्ठित वयोवृद्ध आचार्य प जगदम्बा प्रसाद शुक्ल के पुरोहित्य में पूरे विधि विधान से की गई थी। सुबह पूजन अर्चन के बाद शाम को महा आरती का आयोजन होता है। प्रतिदिन महाआरती में शामिल होने हजरों श्रद्धालु पहुंच रहे। पंचमी के दिन एसीसी के डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डी और एवरेस्ट इंडस्ट्रीज के महाप्रबंधक अपने पूरे स्टाफ के साथ महाआरती में शामिल होने पहुंचे।

### खलवारा बाजार से निकली चुनरी यात्रा

नवरात्र की पंचमी के दिन खलवारा बाजार स्थित दुर्गा मंदिर से 101 मीटर लंबी विशाल चुनरी यात्रा भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सुनीता दहिया के नेतृत्व में निकाली गई। इस यात्रा में प्रतिभा मिश्रा, मनोरमा राणा, अंजू बर्मन, अनिता कोल, लक्ष्मी कोल, अपर्णा सेन, अनिता सेन, उमा तिवारी आदि सैकड़ों महिलाएं चुनरी लेकर चल रही थी। ढोल, नगाड़े और डीजे की धुन पर युवा श्रद्धालु नाचते गाते जयकारे लगाते चल रहे थे। भटिया मोहल्ला पहुंच कर यह चुनरी मातारानी को अर्पित की गई।

### सांस्कृतिक प्रस्तुति भी हो रही मां के दरबार में

मातारानी के दरबार में धर्मिक कार्यक्रमो के साथ- साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जा रहे। कैमोर के लोकप्रिय तपस्या ग्रुप द्वारा बच्चों की फैंसी ड्रेस, डांस, ड्रामा और सिंगिंग कम्पटीशन आयोजित किया गया है जिसकी अंतिम प्रस्तुति 8 अप्रैल शुक्रवार को होगी। विजेताओं को तपस्या की ओर से पुरुस्कार भी प्रदान किये जायेंगे।

# वरिष्ठता सूची में नियुक्ति दिनांक का हो सुधार

### रीठी संकुल केन्द्र की मनमानी आई सामने, गुरुजियों ने सौंपा ज्ञापन

**कटनी/रीठी।** विगत दिनों जिले से जारी हुई शिक्षकों की वरिष्ठता सूची में रीठी संकुल केन्द्र के गुरूजी रहे प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति दिनांक में संशोधन कराने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। रीठी संकुल केन्द्र के शिक्षकों ने सोमवार को रीठी विकास खंड शिक्षा अधिकारी को लिखित ज्ञापन सौंपा और जारी वरिष्ठता सूची की नियुक्ति दिनांक में सुधार कर प्रथम नियुक्ति के आधार पर वरिष्ठता देने की मांग की है। गौरतलब है कि विगत दिनों जिले से शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी की गई थी। जिसमें रीठी संकुल केन्द्र के गुरूजी जोकि अब वर्तमान में प्राथमिक शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे, जिनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक सन 1997-98 को हटाकर संविलियन दिनांक दर्शाकर वरिष्ठता कम कर दी गई है, साथ ही भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया गया है। जिससे आक्रोशित होकर सोमवार को रीठी संकुल केन्द्र के गुरूजी, जो वर्तमान में प्राथमिक शिक्षक है, एकत्रित होकर रीठी विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां नियुक्ति दिनांक में सुधार कराकर वरिष्ठता सूची में संशोधन कराने संबंधी ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान दुज्जे लाल लोधी, मनोज पाल, नागेंद्र गुप्ता, मिलाप सिंह, गोविंद पटेल, प्रहलाद यादव, घनश्याम पाल, शहनाज़ बेगम, हुस्न बानो सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे। बताया गया कि वरिष्ठता सूची में जो रीठी के गुरूजी, प्राथमिक शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति की गड़बड़ी सामने आई है उसका जिम्मेदार संकुल केन्द्र है। संकुल केन्द्र की गड़बड़ी के कारण गुरूजियो की प्रथम नियुक्ति दिनांक सन 1997-98 की जगह उनके संविलियन की दिनांक दर्शा दी गई है। जिससे उक्त शिक्षकों की वरिष्ठता कम हो रही है। जबकि बताया गया कि एक अन्य गुरूजी जोकि वर्तमान में प्राथमिक शिक्षक के पद पर रीठी संकुल में ही पदस्थ हैं उनकी वरिष्ठता सूची में प्रथम नियुक्ति दिनांक दर्शा कर वरिष्ठता दी गई है। जिससे पूरी सूची में सिर्फएक शिक्षक को वरिष्ठता देने से संकुल केन्द्र की दोहरी नीति पर भी सवाल उठना लाजिमी हो गया है। नाम न उजागर करने की सर्त पर सूत्रों ने बताया है कि तृतीय श्रेणी के एक कर्मचारी द्वारा रीठी संकुल केन्द्र के लेखा.जोखा का कार्य संभाला जाता है। जिसके चलते रीठी संकुल केन्द्र में भर्राशाही चरम पर है। देखा गया कि जब अपने भविष्य की पीढ़ा लेकर शिक्षक रीठी के विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे तो किसी कारण वश प्रभारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं मिले। शिक्षकों ने ड्यूटी पर तैनात बाबू को ज्ञापन पत्र दिया तो वो ज्ञापन लेने में आनाकानी करता रहा। जो जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहा है।

### यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के प्रयास जारी

# हांका गेंग ने 7 मवेशियों को पहुंचाया कांजी हाउस

**कटनी।** नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। नगर के सार्वजनिक मार्गो में आवारा रूप से विचरण करने वाले मवेशियों के पकडने की कार्यवाही के साथ ही मुख्य मार्गो के किनारे के अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने का कार्य अभियान के माध्यम से कराया जा रहा है। अतिक्रमण प्रभारी एसके गर्ग ने बताया कि नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए बरगवां मुख्य मार्ग मे रोड के किनारे के अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने हेतु मुनादी का कार्य कार्य कराया गया। इस दौरान अतिक्रमण अमले द्वारा सार्वजनिक मार्गो के किनारे अनाधिकृत रूप से रखे ठेले एवं टपरों को हटाने की कार्यवाही की जाकर यातायात को सुगम बनाने के प्रयास किये गए। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम की हांका गेंग द्वारा रोजाना अभियान चलाकर नगर के सार्वजनिक मार्गो में विचरण करने वाले आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत झिंझरी मुख्य मार्ग में आवारा विचरण कर सफाई एवं यातायात व्यवस्था में विपरीत असर डालने वाले 7 नग मवेशियों को अमीरगंज कांजी हाउस में बंद करने की कार्यवाही की गई।




# प्रधानमंत्री आवास योजना के भवन आबंटन में अनिमितता

### भ्रष्टाचार की जांच कराने हिन्दू जागरण मंच ने मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

**कटनी।** 4 अप्रेल को प्रदेश के मुखिया माननीय शिवराज सिंह चौहान के नाम हिन्दू जागरण मंच ने प्रधान मंत्री आवास योजना के आबंटन में घोर अनियमितता एवं भ्रष्टाचार चारों तरफ फैला हुआ हैं जबकि शहर के चारों कोने में उक्त आवास का निर्माण चल रहा है लेकिन उन पात्र एवं जरूरतमंद लोंगों का इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है जिनकों उक्त आवास का लाभ मिलना चाहिए।

आवास योजना के आबंटन में शासन द्वारा एवं उक्त उच्चाधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिम्मा सौपा गया है वे उन लोगों को ही उक्त योजना का लाभ प्रदान कर रहें है जो उनके चाहेते एवं और जो शासकीय कर्मचारियों को अवैध लाभ प्रदान कर रहे है उन्हें ही सबसे पहले आवास योजना का लाभ प्रदान कर रहे और एक ही परिवार के कई सदस्यों को उक्त योजना का लाभ प्रदान कर रहे है। शिकायतों के संबंध में आमजन द्वारा किया गया तो जब भी इस पर उचित कदम नहीं उठाया गया हैं और इसके बाद कुछ सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों ने उक्त अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की शिकायत नगर निगम आयुक्त कटनी को की गई तो उनकी भी शिकायतों को दानकिनार करते हुये इसका निराकरण आज दिनांक तक नहीं किया जा रहा है। अतः आवास योजना के उक्त ज्ञापन पत्र सौपते समय हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारी एवं सदस्यों में से प्रमुख रूप से - अशीष चौधरी, जिला उपाध्यक्ष, राममिलन चौधरी, ऋषभ पसेरिया, मोहित चौहान, मयंक तिवारी, आदर्श दुबे, मुकुल प्यासी, मृदुल सुहाने, कमल गुप्ता, विमल लागोटे, विकास ठाकुर, विवेक सक्तेल, हिमांशु राज, शनू अहिरवार, रित्तु कोरी, गोलू कटारे, शुभम शर्मा, बंधु विश्वकर्मा, राजू ताम्रकार की उपस्थिति रही।



# संजय मिश्रा के भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव बनने पर कैमोर में हर्ष

**कटनी।** औधोगिक नगर कैमोर के बैडमिंटन खिलाड़ी संजय मिश्रा भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव एवम मध्यप्रदेश बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल चौघले को भारतीय बैडमिंटन संघ में सहसचिव बनने पर नगर के बॅडमिंटन जगत में हर्ष व्याप्त है। ज्ञातव्य है कि संजय मिश्रा औधोगिक नगर कैमोर के निवासी हैं। उन्होंने नर्सरी से लेकर हायर सेकेंडरी तक कि पढ़ाई कैमोर में प्राप्त की। वे लगातार कई वर्षो तक कटनी जिला बैडमिंटन चैंपियन एवम 10 वर्षो तक अविभाजित मध्यप्रदेश के चैंपियन रहे। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ बॅडमिंटन संघ के सचिव एवम देश की जूनियर टीम के मुख्य प्रशिक्षक है। कटनी जिले के खिलाड़ी के बैडमिंटन जगत में शीर्ष पर पहुंचने पर जिले के वरिष्ठ खिलाड़ी पूर्व सचिव गुरु संगम लाल जायसवाल, अध्यक्ष पंचम जैनए गोपाल शर्मा, मनीष गेई, वीरेन्द्र सिंहएआलोक जोसफ, सतीश डबरे, संजय गुप्ता एवं पदाधिकारीयों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना की है। ज्ञातव्य है अभी 30 जनवरी 2022 को कटनी अल्प प्रवास के दौरान जिला बैडमिंटन संघ द्वारा उनका स्वागत किया गया था।

# मुख्य मार्गो, डिवाइडर एवं मंदिर परिसरों के आसपास की गई सफाई







**कटनी।** नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री के नगर आगमन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण की विभिन्न गतिविधयों को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य एवं अन्य मार्गो की सार्वजनिक सडकों, डिवाईडर, नाले नालियों, डस्टबिन, लिटरबिन की विशेष सफाई व्यवस्था के प्रयास किये गए। नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न माता मंदिरों पहरूआ स्थित खेर माई माता मंदिर, जालपा देवी माता मंदिर, बल्लभनगर स्थित माता मंदिर, जयप्रकाश वार्ड हनुमान मंदिर के पास सहित नगर के अन्य मंदिरों के आसपास पर्याप्त साफ सफाई की जाकर कीटनाशक दवा का छिड़काव कार्य कराया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के दौरान झिंझरी पुलिस लाईन ग्राउण्ड परिसर सहित मुख्य मार्गो झिंझरी, कार्यालय कलेक्ट्रेट, दुगाडी नाला, माधवनगर गेट के सामने, बरगवां रोड, डन कॉलोनी के सामनें, सागर पुलिया मार्ग, मिशन चौक तिराहा, सागर पुलिया से मुड़वारा स्टेशन पहुंच मार्ग की सार्वजनिक सड़कों के साथ साथ डिवाईडरों की सफाई का कार्य किया गया। शासकीय जिला चिकित्सालय परिसर, अंजूमन स्कूल परिसर, अहिंसा तिराहा, कोतवाली थाना से मिशन चौक, सुभाष चौक, स्टेशन मुख्य मार्ग की सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। नगर के अन्य मार्गो आजाद चौक मुख्य मार्ग, जगन्नाथ चौक, नदीपार मुख्य मार्ग, बस स्टेण्ड परिसर, कुठला स्थित मधु नायक गली, महात्मा गांधी वार्ड के विभिन्न स्थलों, गर्ग चौराहा, खिरहनी फाटक ओव्हर ब्रिज, तिलक कॉलेज पहुंच मार्ग, शिवाजी वार्ड मेन रोड, झंडा बाजार, भट्टा मोहल्ला, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्न स्थलों, अमीरगंज तालाब सहित माधवनगर के विभिन्न मार्गों की सफाई का कार्य कराया जाकर माधवनगर गेट से दुगाड़ी नाला तक मुख्य मार्ग के किनारे की गाजर घांस की कटाई का कार्य किया जाकर मुख्य मार्ग को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए। नगरीय एवं उपनगरीय वार्डो की विभिन्न मुख्य एवं अन्य गलियों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य किया जाकर नागरिकों को सोर्स सेग्रीगेशन की जानकारी से अवगत कराकर गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग देनें की अपील की जाकर संग्रहित कचरे को प्लांट भेजने की कार्यवाही की गई। नगर के विभिन्न वार्डो के नाले एवं नालियों से पानी की समुचित निकासी हेतु कुठला स्कूल के पास, पहरूआ पार्षद गली, जगमोहनदास वार्ड सिद्ध बाबा कॉलोनी, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला मलिन वंशकार बस्ती की विभिन्न नालियों, मदन मोहन चौबे वार्ड सागर पुलिया के पास नाली के उपर की पट्टी की सफाई का कार्य किया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

## देर रात तक सेल्फी प्वाइंट बना रहा नया ब्रिज





कटनी। शहर को कल मुख्यमंत्री के हाथों मिशिन चौक फ्लाई ओव्हरब्रिज की सौगात मिलने के बाद ब्रिज को देखने के लिए लोग उत्साहित नजर आए। कल देर रात्रि तक बड़ी तादात में लोग ब्रिज का जायजा लेने परिवार सहित इस पर से गुजरे। जगन्नाथ मंदिर एण्ड से बरगवां एण्ड तक ब्रिज के मुआयने के दौरान लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बातचीत के दौरान लोगों ने कहा कि कटनी में विकास का कुछ काम तो हुआ। हालांकि ब्रिज सकरा होने और अधिक घुमावदार होने के साथ इस पर फुटपाथ न होने की चर्चा भी होती रही। उद्घाटन के बाद विद्युत की रंग-बिरंगी लड़ियों से ब्रिज को सजाया गया है। देर रात तक यह सेल्फी प्वाइंट बना रहा।

# दयोदय सहित तीन ट्रेनों का होगा मानकीकरण, रेलवे ने लिया निर्णय

**कटनी।** रेलवे ने कटनी मुड़वारा होकर चलने वाली तथा एलएचबी कोचों से संचालित दयोदय एक्सप्रेस व जबलपुर-श्रीमाता वैष्णव देवी कटरा एक्सप्रेस सहित तीन जोड़ी यात्री ट्रेनों के मानकीकरण(स्टैंर्डडाईजेशन) करने का निर्णय लिया है। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस 11 मई 2022 और वापसी में गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस में मानकीकरण(स्टैंर्डडाईजेशन)12 मई 2022 से लागू होगा। इस गाड़ी को एकीकृत कॉम्पोजिशन से 01 वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 07 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोचों के साथ चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11449 जबलपुर-श्रीमाता वैष्णव देवी कटरा एक्सप्रेस में 14 जून 2022 और वापसी में गाड़ी संख्या 11450 श्रीमाता वैष्णव देवी कटरा-जबलपुर में 15 जून 2022 से मानकीकरण(स्टैंर्डडाईजेशन) लागू होगा। इसके अलावा गाड़ी संख्या 12194 जबलपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस में 11 जून 2022 और वापसी में गाड़ी संख्या 12193 यशवंतपुर-जबलपुर एक्सप्रेस में 12 जून 2022 से मानकीकरण(स्टैंर्डडाईजेशन) लागू होगा। इन दोनों गाड़ियों को एकीकृत कॉम्पोजिशन से 01 वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 07 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 01 रसोइयान एवं 02 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोचों के साथ चलाने का निर्णय लिया गया है।

### मानकीकरण करके चलाने के कई फायदे

मानकीकरण (स्टैंर्डडाईजेशन) करके ट्रेन चलाने से रेलवे को अपेक्षाकृत अधिक ट्रेन चलाने में मदद मिलेगी। इन ट्रेनों के रेकों को परिचालन में लचीलेपन (फ्लेक्सिबिलिटी) के सुधार के लिए रेक लिंक के एकीकरण द्वारा स्टैंडर्डाईज किया गया। समयपालनता को और अधिक बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा और रेकों का अधिकतम सदुपयोग सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। ट्रेनों के परिचालन समय के पुनर्निर्धारण में कमी आएगी। पिट लाइनों में रखरखाव के लिए स्लॉट की बचत करने में भी काफी मदद मिलेगी।

### यहां मामा का राज, अफसरशाही नहीं चलेगी

# सीएम ने कलेक्टर से कहा- सही ढंग से काम नहीं कर रही आपकी टीम!



**कटनी।** मिशन चौक ओव्हर ब्रिज के लोकार्पण समारोह के दौरान प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को फटकार लगाए जाने से पूरा प्रशासनिक महकमा सकते में है। प्रदेश के मुखिया ने सीधे-सीधे प्रशासनिक मुखिया से कह दिया कि आपका काम ठीक नहीं है। यहां मामा का राज चलेगा, अफसरशाही नहीं चलेगी। मुख्यमंत्री के इतना कहते ही प्रशासनिक महकमा सकते में आ गया। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर से यह भी कहा कि अगर कोई गरीब मुख्यमंत्री से मिलने के लिए मशक्कत करे, इसका मतलब आपकी टीम का काम परफेक्ट नहीं है। काम सही ढंग से देखें। जो लोग परेशान हैं, उनको अफसर को सौंपें। अलग बुलाकर उनकी समस्या का समाधान करके मुझे बताएं। दरअसल जिस समय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ओव्हर ब्रिज के लोकार्पण के उपरांत आयोजित समारोह में जब अपना उद्बोधन दे रहे थे, ठीक उसी समय कुछ लोग अपनी समस्याओं को लेकर वहां पहुंचे। ये लोग अपनी मांगों को लेकर सीएम से मिलने की फरियाद लगा रहे थे। इनमे नर्सिंग स्टाफ भी शामिल था, जो कोविड काल समाप्त होने के बाद नौकरी से हटाए जाने से परेशान थे। कार्यक्रम स्थल पर जब पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों द्वारा इन लोगों को यहां से हटाया जा रहा था, तभी मुख्यमंत्री की नजर उन पर पड़ी और लोगों की समस्याओं को लेकर उन्होंने कलेक्टर को पास बुलाकर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने मंच से ही कह दिया कि अफसरों का राज किसी भी हाल में नहीं चलेगा। ये काम करेंगे, नहीं करेंगे तो मैं देखूंगा।

### स्लीमनाबाद टनल का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण



**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्लीमनाबाद पहुंचकर बरगी व्यपवर्तन परियोजना की निर्माणाधीन टनल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री चौहान ने मिनीट्रेन में सवार होकर टनल की भौतिक प्रगति का अवलोकन करते हुए नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण एवं निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को इस अंतरजिला बहुउद्देश्यीय परियोजना को तय समय.सीमा में पूर्ण करने को लेकर विस्तृत दिशा.निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सांसद व्ही डी शर्मा, सांसद गणेश सिंह, प्रदेश शासन के वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक प्रणय प्रभात पांडेय सहित संभागायुक्त बी चंद्रशेखर, डीआईजी आर आर एस परिहार, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एसपी संजय कुमार जैन, अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबंद सुश्री अंजली रमेश सहित नर्मदा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# पहले ही दिन ओव्हरब्रिज पर महाजाम

**ब्रिज के ऊपर घंटों फंसे रहे सैकड़ों वाहन, चांडक चौक में ट्राफिक सूबेदार ने संभाला मोर्चा**





### सड़क निर्माण के चलते सागर रेल पुलिया पर भी आज आवागमन बाधित

**कटनी।** 85 करोड़ रूपए की लागत से बनकर तैयार प्रदेश के सबसे ऊंचे मिशन चौक ओव्हर ब्रिज पर आज महाजाम लग गया। आलम यह रहा कि सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक ब्रिज के ऊपर वाहनों की लंबी कतार लग गई। चांडक चौक की ओर स्थिति ये रही कि ट्राफिक सूबेदार विनोद दुबे को स्वयं स्टाफ के साथ मोर्चा संभालना पड़ा, इसके बाद भी यातायात के अत्यधिक दबाव के चलते खबर लिखे जाने तक लोग जाम में फंसे हुए थे। मिशन चौक ओव्हर ब्रिज के साथ ही सागर रेल पुलिया पर भी जाम लगा रहा। बताया जाता है कि सागर रेल पुलिया के नीचे ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण करवाया जा रहा है, जिसकी वजह से आवागमन बाधित हो गया। जाम के चलते स्थिति यह रही कि चांडक चौक से लेकर बस स्टेंड, कैलवारा मोड़ से लेकर शिवनगर होते हुए गाटरघाट एवं आजाद चौक तक जाम में सैकड़ों वाहन फंसे रहे। विदित हो कि प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल गुरूवार को ही मिशन चौक रेल ओव्हर ब्रिज का लोकार्पण किया था। लोकार्पण के कुछ दिन पहले कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही ओव्हर ब्रिज का निरीक्षण करते हुए चांडक चौक और बरगवां में यातायात को नियंत्रित करने के लिए व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए थे, इसके बावजूद आज सुबह जब ओव्हर ब्रिज से आवागमन शुरू हुआ तो व्यवस्था के अभाव में जाम की नौबत आ गई। जाम की खबर मिलने के बाद ट्राफिक सूबेदार विनोद दुबे यहां पहुंचे और स्टाफ के साथ मशक्कत की। बताया जाता है कि चांडक चौक में तीन तरफ से वाहनों के आवागमन की वजह से जाम की स्थिति निर्मित हुई है और यदि आवागमन की सुचारू व्यवस्था नहीं बनाई गई तो ओव्हर ब्रिज के निर्माण के बाद भी लोगों से जाम से परेशान होना पड़ेगा।

**आवश्यकता है**

कटनी की एक प्रतिष्ठित फर्म के शोरूम में कार्य करने के लिए एक सेल्समैन की आवश्यकता है। अनुभवी युवक को प्राथमिकता। शीघ्र सम्पर्क करें
मो. 9993308089

### छेड़छाड़ के आरोपी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास

**कटनी।** विशेष न्याायाधीश (पॉक्सो) द्वारा आरोपी नीरज उर्फ पुष्पेन्द्र दुबे को नाबालिग से मारपीट व छेड़खानी के आरोप में धारा 323 एवं धारा 11/12 पॉक्सो के अपराध में दोषसिद्ध पाया। तथा धारा 11(आई)/12 पॉक्सो के अपराध में 2 वर्ष के कठोर कारावास एवं धारा 323 के अंतर्गत 3 माह का सश्रम कारावास एवं 3000 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नविता पिल्लै द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन पक्ष के अनुसार 04 अप्रैल 2018 को दोपहर में लगभग 3 बजे सायकल से सामान लेकर घर वापस आ रही थी। उसीदौरान लगभग साढ़े 3 बजे नीरज उर्फ पुष्पेन्द्र दुबे रास्ते में नाबालिग को मिला और उसको अपने साथ चलने के लिये कहा। नाबालिग ने मना किया तो आरोपी ने उसकी पीठ में हाथ लगाया। जिसके बाद नाबालिग शोर मचाया तो आरोपी ने उसको धक्का देकर सायकल से गिरा गया। जिसके कारण नाबालिग के पैर व सीधे हाथ में चोट आयी। इसके बाद आरोपी भाग गया। नाबालिग ने घर आकर अपनी मां एवं नानी को घटना के बारे में बताया।

स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी की प्रथम पुण्यतिथि में आयोजित
श्रीमद् भागवत कथा
शनिवार 23 अप्रैल 2022 से शनिवार 30 अप्रैल तक
शनिवार 30 अप्रैल 2022 को कन्या भोज, ब्राम्हण भोज, भण्डारा एवं प्रसाद वितरण
स्थान- मुख्य मार्ग इमलिया, निज निवास स्थान मनकामेश्वर मंदिर ग्राम पंचायत इमलिया, जिला-कटनी
स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी
निवेदक-धर्मेन्द्र गर्ग
एवं समस्त गर्ग परिवार व मित्रगण, मो. 8463060428
कथा व्यास परमपूज्य गुरूदेव आचार्य डॉ. श्री बालेन्दु प्रसाद मिश्रा जी महाराज कटनी (बरगढ़ वाले गुरूजी)

PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध


| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

प्लॉट बिकाऊ है
समदड़िया सिटी, राय कालोनी, बारह बंगला के पास एवं शांतिनगर में साईज 1000 से 3000 वर्गफुट तक के प्लॉट रेट 1000 से 1200 वर्गफुट में उपलब्ध हैं। सिर्फ खरीददार ही संपर्क करें।
मो. 9993705740

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स के साथ कटनी की प्रथम अति आधुनिक 32-96 स्लाइस 2021 मॉडल सीमन्स कम्पनी की मशीन
एडवांस्ड सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
-32-96 स्लाइस की मशीन होने के कारण एक्सपोजर समय अत्यंत कम
-सी टी हेड 6 सेकेंड
-सी टी चेस्ट 20 सेकेंड, -सी टी एबडामन 30 सेकेंड, -कम एक्सपोजर कम रेडीयेशन
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087, 8319994375 फोन 07622-494511




पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)